पेज थ्री देहरादून

यूनिसन ग्रुप के शैक्षणिक संस्थान मुख्यमंत्री राहत कोष में सीएम को 21 लाख देते हुए।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### आईएमए ब्लड बैंक को चाहिए ब्लड डोनर

**संवाददाता** देहरादून । कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण के चलते हुए लॉकडाउन के कारण ब्लड बैंकों में रक्त की कमी मरीजों के लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां एक बयान में जानकारी देते हुए विनायक सर्जिकल सेंटर के सर्जन डॉ मनीष आनंद, डी एन वी, जनरल सर्जरी ने बताया कि आईएमए ब्लड बैंक में चाहे खून की आवश्यकता कम है लेकिन बैंक में स्टाक नहीं है अगर मरीजों को खून की आवश्यकता पड़ रही है तो बैंक अधिकारी खून के बदले रिपलेसमैंट मांग रहे हैं जो कि मरीज के लिए उपलब्ध कराना ऐसे समय में कठिन हो जाता है।

### पुलिसकर्मियों को फूल देकर मसूरी विधायक ने किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। दून के आर्यनगर साकेत कालोनी लेन–6 में सैकड़ों लोगों को राशन उपलब्ध करवाने से पहले मसूरी विधायक गणेश जोशी पुलिसकर्मियों को फूल देकर उनका सम्मान किया। विधायक जोशी ने कहा कि पुलिसकर्मी संकट की इस घड़ी में अग्रिम मोर्चे पर आकर कार्य कर रहे हैं और हमें उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक गणेश जोशी ने कहा कि 200 लोगों को आटा, चावल, दाल, नमक, मसाले, तेल, चीनी आदि प्रदान किये गये। उन्होंने बताया कि मोदी किचन के माध्यम से प्रतिदिन 6500 लोगों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

### महानगर कांग्रेस ने विभिन्न स्थानों पर बांटी छतरियां, सैनिटाइजर व मॉस्क

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के चलते लगाये गये लॉकडाउन के मध्य लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में महानगर कांग्रेसजनों द्वारा प्रेमनगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छतरी, सैनिटाइजर, मॉस्क एवं दस्ताने वितरित किये गये।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने बांटा सुरक्षा सामान

**संवाददाता** देहरादून। एक तरफ जहां पूरा देश कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी से लड़ रहा है वहीं सरकार के साथ साथ कई सामाजिक संस्थाएं भी बढ़ चढ़ कर कार्य कर रही है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जरूरत मंद को राशन पहुंचाने के साथ साथ अब उन कोरोना योद्धाओं को सुरक्षा के सामान भी मुहैया करना शुरू कर दिया है।

## धाम के प्रसाद में भी इस बार दिखेगा कोरोना का असर

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संक्रमण का साया भगवान बदरी विशाल के प्रसाद पर भी पड़ रहा है। भगवान को प्रतिदिन लगने वाले भोग के लिए तो धाम में अन्न का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, लेकिन श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में इस बार यात्रा शुरू होने पर पंचमेवा की जगह में चौलाई के लड्डू को वरीयता दी जाएगी। दरअसल, पंचमेवा प्रसाद बाहरी राज्यों से बदरीनाथ पहुंचता है, जिसे कोरोना महामारी के चलते फिलहाल सुरक्षित नहीं माना जा रहा है।

श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 30 अप्रैल को खोले जाने हैं। हालांकि, कोरोना महामारी के चलते फिलहाल पूजा–अर्चना में धाम के पुजारी, देवस्थानम बोर्ड के सदस्य और हक–हकूकधारी ही शामिल हो सकेंगे। यही नहीं, मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में इस बार पंचमेवा की जगह स्थानीय स्तर पर बने चौलाई के लड्डू शामिल किए जा रहे हैं। मंदिर के धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल बताते हैं कि कपाट बंद होने के दौरान दो माह से अधिक समय के लिए धाम में खाद्यान्न स्टोर कर लिया जाता है, जिससे कि आपात स्थिति में भगवान को भोग लगाना बाधित न हो। लेकिन, कोरोना महामारी से सुरक्षा के लिए श्रद्धालु इस बार चना, मिश्री और पंचमेवा का प्रसाद भगवान को अर्पित नहीं कर पाएंगे। इसके विकल्प के तौर पर उन्हें स्थानीय स्तर पर बनने वाले चौलाई के लड्डू लेने होंगे। पांडुकेश्वर जोशीमठ क्षेत्र की महिलाओं ने लड्डू बनाने का कार्य शुरू कर दिया है।

# सड़कों पर उतरे आईटीबीपी के जवान व एनसीसी कैडेट

**निगरानी**

**संवाददाता**

कई स्थानों पर वाहनों चालन किये जाने पर नोंकझोंक



देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड के लॉकडाउन के चलते राजधानी के विभिन्न स्थानों पर पुलिस कर्मचारियों ने लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले चार पहिया व दुपहिया वाहनों का चालान किया और इस बीच कई स्थानों पर वाहनों को सीज किये जाने पर नोंकझोंक भी हुई और पुलिस ने अनावश्यक रूप से घरों से बाहर आये वाहन चालकों को वापस घर भेजने का भी काम किया और वाहन चालकों को हेलमेट ठीक ढंग से पहनने की नसीहत भी दी।

एनसीसी कैडेटों ने लोगों को लॉकडाउन के दौरान पूरी तरह से जागरूक करने का काम कर रहे है और कह रहे है कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर है लेकिन आप पुलिस की सुरक्षा के लिए अपने घरों में रहे का संदेश भी दे रहे है।

घंटाघर पर सुबह से ही पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के साथ ही साथ सीपीयू, उत्तराखंड विशेष पुलिस बल, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक अपनी डयूटी पर तैनात रहे और आने जाने वाले वाहन चालकों की चौकिंग की जा रही थी उन्होंने पहले चार पहिया वाहन चालकों व दुपहिया वाहन चालकों को समझाया की चार पहिया वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित होने के बावजूद भी वाहन सड़कों पर दिखाई दिये लेकिन दो पहिया वाहनों पर जो दो व्यक्ति व महिलायें सवार थे उन्हें पुलिस कर्मचारियों ने उतार दिया और कहा कि केवल एक ही व्यक्ति को वाहन से जाने दिया और दूसरे को वापस पैदल ही घर भेज दिया गया। इस बीच लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पडा और एनसीसी कैडेटों ने मुश्तैदी से मोर्चा संभालते हुए लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक करने का काम किया।

इस अवसर पर एसपी सिटी श्वेता चौबे राजधानी सहित आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने वाले लोगों का चालान करने के साथ ही वाहन सीज करने के भी निर्देश दियो। उन्होंने कहा कि जो लोग घरों में है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और पुलिस कर्मचारियों को इसके लिए तैनात किया गया है कि जहां से भी कोई फोन आये तत्काल उसकी मदद की जाये। वहीं खाद्यान्न व भोजन का वितरण थाने चौकियों से किया जा रहा है और जरूरतमंद लोग अपने समीपवर्ती थाना क्षेत्रों व चौकियों से राशन हासिल कर सकते है।

# राज्य की आर्थिकी में सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

**निर्देश**

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनाई गई समिति
- आर्थिक संसाधनों व आजीविका में सुधार के लिए सुझाव देगी समिति



देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश की आर्थिकी में सुधार लाने और आजीविका के संसाधनों में वृद्धि के लिए इंदु कुमार पाण्डे की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय सलाहकार समिति गठित की गई है। कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाऊन से हुए नुकसान को कम करने और उत्तराखंड की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिये मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देश पर इस समिति का गठन किया गया है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी इंदुकुमार पाण्डे को इसका अध्यक्ष नामित किया गया है।

प्रमुख सचिव उद्योग श्रीमती मनीषा पंवार, सचिव वित्त श्रीमती सौजन्या, अपर सचिव वित्त भूपेश तिवारी और अपर सचिव नियोजन श्री योगेन्द्र यादव समिति के सदस्य होंगे। अपर सचिव भूपेश तिवारी सदस्य सचिव होंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित यह समिति लॉकडाउन से राज्य की अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान का अध्ययन कर राज्य के आर्थिक संसाधनों में सुधार लाने के लिए संस्तुतियां देगी। इस पर भी विचार किया जाएगा कि लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने के लिए किन क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। समिति जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को देगी।

## यूनिसन ग्रुप के शैक्षणिक संस्थानों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 21 लाख

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत द यूनिसन ग्रुप के शैक्षणिक संस्थानों ने मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु कुल 21 लाख रुपए की धनराशि के चेक दिए हैं, जिसमें से डीआईटी विश्वविद्यालय ने 11 लाख, आईएमएस यूनिसन विश्वविद्यालय एवं यूनिसन वर्ल्ड स्कूल ने 5–5 लाख रुपए के चेक दिए हैं। ये चेक संस्थापक सदस्यों श्री अमित अग्रवाल एवं श्री अनुज अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सौंपे गए। यूनिसन ग्रुप द्वारा जरूरतमंदों को राशन के पैकेट, हैंड सैनिटाइजर, डिटोल आदि आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई है।

ब्रह्मकमल प्रोजेक्ट की ओर से श्री दीपक राजपूत ने 1 लाख 58 हजार रूपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिया है। ऋषिकेश मेयर श्रीमती अनीता ममगाई के पति श्री हेतराम ममगाई ने एक लाख एवं उनके पुत्र श्री हिमांशु ममगाई ने 50 हजार रूपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु दिए हैं ।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।